INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2025-26 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VII | SUBJECT- HINDI (2nd LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 18-09-2025 | SET: 2 | Time: 2.30 hours |

*General Instructions:*
1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of 15 questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of 4 printed pages.*

## खंड - क

प्र.1 अ- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए| 5

मस्कट, ओमान की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है, जो आधुनिकता और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यह शहर फारस की खाड़ी के किनारे स्थित है और इसकी भौगोलिक स्थिति इसे एक महत्वपूर्ण बंदरगाह बनाती है। यहाँ की सड़कें और गलियाँ साफ-सुथरी हैं और इमारतें सफेद रंग की हैं, जो शहर को एक शाही रूप देती हैं।

मस्कट में कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल हैं, जैसे सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद, जो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी मस्जिद मानी जाती है। अल जलाली और अल मिरानी किले हैं जो पहाड़ी चट्टानों पर बने हैं और शहर के इतिहास की झलक देते हैं। मतराह सोक, एक पारंपरिक बाजार है जहाँ ओमानी हस्तशिल्प, मसाले और आभूषण मिलते हैं।

मस्कट में बैत अल-जुबैर संग्रहालय और कुर्रम नेशनल पार्क जैसे स्थल भी हैं जो ओमान की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाते हैं। मस्कट एक ऐसा शहर है जहाँ इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता एक साथ साँस लेते हैं|

क- मस्कट शहर किस देश की राजधानी है?

✪ओमान की ✪दुबई की ✪इराक की ✪यमन की

ख- मस्कट शहर किस खाड़ी के किनारे स्थित है?

✪इराक की खाड़ी ✪फारस की खाड़ी ✪कच्छ की खाड़ी ✪सोन की खाड़ी

ग- मस्कट में पारंपरिक बाजार का नाम क्या है?

✪मस्कट सोक ✪अल खुबैर सोक ✪मतराह सोक ✪ओमान सोक

घ- मस्कट में स्थित बैत अज-जुबैर संग्रहालय कहाँ की संस्कृति को दर्शाता है?

✪भारत की ✪यमन की ✪बहरीन की ✪ओमान की

ङ- संस्कृति और आधुनिकता का संगम किस शहर को कहा गया है?

✪निज़वा को ✪सलालाह को ✪सोहार ✪मस्कट

प्र.1 आ- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 5

ओणम दक्षिण भारत, विशेष रूप से केरल राज्य का एक प्रमुख और सांस्कृतिक त्योहार है। यह पर्व मलयालम कैलेंडर के पहले महीने 'चिंगम' में मनाया जाता है जो आमतौर पर अगस्त या सितंबर में

पड़ता है। ओणम की पौराणिक कथा राजा महाबली से जुड़ी है जो एक पराक्रमी और न्यायप्रिय असुर राजा थे। कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर उनके अहंकार को शांत किया और उन्हें पाताल लोक भेज दिया लेकिन उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें वर्ष में एक बार धरती पर आने की अनुमति दी। इसी आगमन की खुशी में ओणम मनाया जाता है।

ओणम दस दिनों तक चलने वाला उत्सव है जिसमें पारंपरिक नृत्य, संगीत, नौका दौड़, फूलों की सजावट यानि कि 'पुक्कलम' और विशेष भोज का आयोजन होता है। लोग नए वस्त्र पहनते हैं और घरों को सजाते हैं। यह पर्व सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विविधता और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। ओणम न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि यह केरल की सांस्कृतिक पहचान को भी दर्शाता है। इस अवसर पर हर वर्ग और समुदाय के लोग मिलकर उत्सव मनाते हैं जिससे यह त्योहार एकता और सौहार्द का संदेश देता है

क- ओणम किस भारतीय राज्य का प्रमुख त्योहार है?

ख- 'चिंगम' महीने में कौन-सा त्योहार मनाया जाता है?

ग- ओणम की पौराणिक कथा किस राजा से जुड़ी है?

घ- 'पुक्कलम' किसे कहा जाता है?

ङ- ओणम का त्योहार किसका संदेश देता है?

## खंड–ख

प्र.2-निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 6

क- विलोम शब्द लिखिए- आनंद, कड़वा, बलवान, शिष्ट

ख- वचन बदलकर लिखिए- लड़की, बच्चा, पहाड़ी, खिलौना

ग- भाववाचक संज्ञा लिखिए- लड़का , कायर, जवान, चतुर

प्र.3-निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 6

क- दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए- पक्षी, जंगल, नदी

ख- दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए- अनु, कु, सु

ग- दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए- ईय, वान, इक

प्र.4-दिए गए वाक्यों से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए| 2

क- उसे अपनी माँ से बहुत प्यार है।

ख- राम अपने आप चला जाएगा ।

प्र.5-दिए गए वाक्यों से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए| 2

क- रामकुमार ने अतिथि के लिए स्वच्छ जल मँगवाया|

ख- जल पीकर अतिथि महोदय का मन शांत हो गया।

ग- नदी का जल मीठा होता है।

घ- रामकुमार के खिलौने सुंदर होते हैं।

प्र.6-दिए गए वाक्यों से कारक छाँटकर लिखिए| 2

क- मेरी कक्षा के छात्रों को हिंदी बहुत पसंद है।

ख- राक्षसों का राजा रावण लंका में रहता था ।

प्र.7- किन्हीं दो मुहावरों से उचित वाक्य बनाकर लिखिए| 2

क- प्राणों की बाजी लगाना ख- डंका बजाना ग- थक कर चूर होना

**खंड–ग**

प्र.8अ- दिए गए प्रश्नों के उत्तर पठित कविताओं के आधार पर लिखिए| 5

क-'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के कवि का नाम क्या है ?

✪शिवमंगल सिंह सुमन ✪शिवमंगल शर्मा ✪शिव वर्मा ✪शिव सुनार

ख-कठपुतली के मन में कौन-सी इच्छा जागी?

✪आज़ाद होने की ✪खेलने की ✪गाने की ✪नाचने की

ग-कठपुतली को किनसे परेशानी थी?

✪अपने-आप से ✪धागों से ✪पाँवों से ✪गुस्से से

घ-नदी किस प्रकार की लग रही है?

✪रेल-सी ✪चादर-सी ✪जंजीर-सी ✪बिजली-सी

ड.-भेडों के झुंड-सा अंधकार कहाँ बैठा है?

✪दक्षिण में ✪पूरब में ✪उत्तर में ✪पश्चिम में

प्र.8आ- दिए गए प्रश्नों के उत्तर पठित गद्य पाठों के आधार पर लिखिए| 5

क- लेखक ने हिमालय की बेटियों को किस रूप में देखा है?

✪माँ के रूप में ✪बेटियों के रूप में ✪देवी जैसे ✪बहन जैसे

ख- मिठाईवाला कैसा साफा बाँधता था?

✪सफेद बीकानेरी ✪रंगीन बीकानेरी ✪लाल बनारसी ✪बंगाली

ग-मिठाईवाला कितने वर्ष का था ?

✪25 वर्ष का ✪32 वर्ष का ✪40 वर्ष का ✪45 वर्ष का

घ-लेखक दादी माँ के साथ क्या करना सबसे अधिक पसंद करता था?

✪खेलना ✪कहानियाँ सुनना ✪बाजार जाना ✪पढ़ना

ड.-दादी माँ किससे सबसे अधिक स्नेह करती थीं?

✪रानी से ✪लेखक से(जो उनका पोता था) ✪बेटी से ✪रामी से

प्र.9- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 5

अतिशय गंभीरता के साथ मिठाईवाले ने कहा, " मैं भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठित आदमी था| मकान, व्यवसाय, गाड़ी-घोड़े, नौकर-चाकर सभी कुछ था| स्त्री थी, छोटे-छोटे दो बच्चे भी थे| मेरा वह सोने का संसार था| बाहर संपत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था| स्त्री सुंदर थी, मेरी प्राण थी| बच्चे ऐसे सुंदर थे, जैसे सोने के सजीव खिलौने| उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था? समय की गति!विधाता की लीला| अब कोई नहीं है| दादी, प्राण निकले नहीं निकले|

क- मिठाईवाला पहले क्या था?

ख- उसके कितने बच्चे थे?

ग- उसके बच्चे कैसे थे?

घ- उसकी स्त्री कैसी थी?

ङ- वह किससे बातें कर रहा है?

प्र.10-किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में लिखिए| 5

क- पक्षी कैसा जीवन जीना चाहते हैं?

ख- नदियाँ कहाँ पहुँचकर विशाल हो जाती हैं?

ग- कठपुतली कहाँ खड़ा होना चाहती थी?

घ- चुन्नू-मुन्नू कौन थे?

ङ- गाँव के लड़के झागभरे जलाशयों में किस महीने में खेलते हैं?

च- दूर फैला अँधकार कैसा दिख रहा है?

प्र.11-किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में लिखिए| 6

क- कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

ख- मुरलीवाले का व्यव्हार बच्चों के साथ कैसा था?

ग- लेखक के मित्र उसका मज़ाक क्यों उड़ाते थे?

घ- किसे अँगीठी बताया गया है और क्यों?

ङ- लेखक समुद्र को सौभाग्यशाली क्यों मानता है?

प्र.12- किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में लिखिए| 9

क- 'कठपुतली' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

ख- मिठाईवाला कहानी का संदेश क्या है?

ग- लेखक के दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई?

घ- शाम के समय आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आने लगते हैं?

**खंड–घ**

प्र.13-किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए| 5

क- मेरे प्रिय दादा जी    ख- नदियों के लाभ    ग- समुद्र तट की सैर

प्र.14-किसी एक विषय पर एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए | 5

क- हेयर ऑयल    ख- मेरा लैपटॉप    ग- मेरी प्रिय गाड़ी

प्र.15-अपने जन्मदिन का आमंत्रण देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए| 5

या

अपनी परीक्षा की तैयारी की जानकारी देते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए|

☺☺☺☺☺